Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 12-12-2006

Participants : Bishnoi Shri Jaswant Singh

an>

Title: Need to restore the pathway (leading to Jodhpur railway station), under the control of Defence to the local people of the region.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : महोदय मेरे लोक सभा क्षेत्र जोधपुर में रक्षा विभाग की काफी जमीन आयी हुई है। रक्षा ि वभाग ने यह जमीन किसानों से अधिग्रहीत की थी। जमीन के साथ गांव का रास्ता भी आवाप्त हो गया है। रास्ता आवाप्त होने से रक्षा मंत्रालय ने गांवों के रास्ते बंद करवा दिये। रास्ते बंद होने से जोधपुर के एकदम पास के गांव के लोगों को 50 कि0मी0 से 100 कि0मी0 तक घूम कर जोधपुर शहर आना पड़ता है। गांव के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जोधपुर के आसपास करीब 50 गांव इससे प्रभावित हुए। ये गांव जोधपुर रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड से 15-20 कि0मी0 दूर हैं लेकिन रास्ता बंद होने से 50 गांव के लोगों को 50 से 100 कि0मी0 तक घूम कर आना पड़ रहा है। जो जमीन रक्षा मंत्रालय ने आवाप्त की है उस जमीन पर आवास कालोनियां बनायी है। जहां से रास्ता देने से कोई परेशानी नहीं है। अतः मैं रक्षा मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि इन गांवों का रास्ता खोलने का आदेश प्रदान करावें।